



## एक नजर में

### मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्स्य परिवहन पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध - कलेक्टर श्रीमती गर्ग

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3(2) के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट निषेध किया गया है। इस दौरान मत्स्याखेट की रोकथाम मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्सय परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा-3(2) के प्रावधानों के विरूद्ध एवं मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लघनकर्ताओं को एक वर्ष तक का कारावास या 5 हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग द्वारा छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं लाया गया है को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंदऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत- प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि ने किसी प्रकार का मत्स्याखेट एवं परिवहन व विक्रय न करे एव ना ही इन कार्यों में सहयोग दे। नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

### पिपलियामंडी भाव

**पिपलियामण्डी।** कृषि उपज मंडी पिपलिया में शनिवार को विभिन्न जिसों के भाव इस प्रकार रहे। गेंहू 2200से 2580, चना 4500 से 5290, मसूर 5800 से 6370, सोयाबीन 2000 से 4328, लहसुन 2000 से 10500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

### संभागायुक्त ने मांगा कलेक्टर, एसपी से प्रतिवेदन

**इंदौर.** संभागायुक्त दीपक सिंह ने आज पत्र जारी कर कलेक्टर और डीसीपी से प्रतिवेदन मांगा है. दोनों अधिकारी से कांग्रेस पार्षद को पद से हटाने को लेकर प्रतिवेदन मांगा गया है. संभागायुक्त ने उक्त पत्र महापौर के पत्र को दृष्टिगत रखते हुए जारी किया है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पद से हटाने के लिए संभागायुक्त दीपक सिंह को पत्र लिखा था. इस बात को करीब एक हफ्ता से ज्यादा समय बीत चुका है. आज संभागायुक्त दीपक सिंह ने कलेक्टर आशीष सिंह और डीसीपी पश्चिम क्षेत्र को कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पद से हटाने के लिए प्रतिवेदन मांगा है. कांग्रेस पार्षद कादरी पर लव जिहाद में पैसा उपलब्ध करवाने का आरोप है. कलेक्टर कादरी पर रासुका की कारवाई कर चुके है. कादरी पर 10 हजार का इनाम भी पुलिस ने घोषित किया है.

### थैलेसीमिया मुक्त इंदौर के तहत रक्त जांच

**इंदौर.** लेट्स मेक इंदौर थैलेसीमिया मुक्त के अंतर्गत विगत 29 वर्षों से कार्यरत थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने ये बीड़ा उठाया है कि अधिक से अधिक युवाओं का ब्लड टेस्ट करवाएंगे. ग्रुप प्रेसिडेंट डॉ. रजनी भंडारी ने बताया कि ग्रुप का लक्ष्य प्रथम कड़ी में 21 हजार युवाओं का ब्लड टेस्ट करवाना है. प्रोग्राम संयोजक उषा उकाँडे मैडम और कॉलेज प्रिंसिपल सुदर्शना पाल के सहयोग से आयोजित इस प्रोग्राम में संकल्प फाउंडेशन की टीम ने ब्लड सैंपल कलेक्ट किया. जो भी थैलेसीमिया का कैरिअर पाया जाएगा उसे समझाईश दी जाएगी कि उसके लाइफ पार्टनर का भी ब्लड टेस्ट करवाना पड़ेगा और उसे इस जीन्स का वाहक नहीं होना चाहिए. ब्लड टेस्ट के पहले डॉ. रजनी भंडारी ने थैलीसीमिया की जानकारी दी. अतिथियों का स्वागत उषा उकाँडे, पुष्पा अग्रवाल ने किया. संचालन प्रो. विनीत ने किया. आभार माना सुदर्शना पाल मैडम ने. कार्यक्रम संयोजक उषा उकांडे थी.

### सिल्क प्रदर्शनी मे हैंडलूम की विरासत का प्रदर्शन

**इंदौर.** आगामी फेस्टिव सीज़न को देखते हुए हैंडलूम द्वारा निर्मित सिल्क साड़ियों की विशाल श्रृंखला का प्रदर्शन सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है. शुक्रवार से यह शुरू हो गई है और यह आयोजन 13 जुलाई, तक चलेगा, जहाँ देश के प्रसिद्ध बुनकर अपनी सदियों पुरानी हैंडलूम की विरासत को आधुनिक डिज़ाइनों के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं. खूबसूरती के साथ, ये सिल्क साड़ियाँ विवाह समारोहों और पारिवारिक उत्सवों पर पहनने के लिए उपयुक्त हैं.



# करणी सेवा द्वारा मंदसौर में विशाल प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर। करणी सेवा संगठन द्वारा शुक्रवार को शहर में एक विशाल प्रदर्शन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और समाजजनों ने हिस्सा लिया। यह प्रदर्शन एक सामाजिक मुद्दे को लेकर किया गया, जिसमें संगठन ने अपनी मांगों और भावनाओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।**

> करणी सेवा ने साफ किया कि उनका उद्देश्य किसी भी समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि समाज में न्याय और संतुलन बनाए रखने का है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रशासन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लेता है, तो आगे आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा। इस प्रदर्शन ने शहर में सामाजिक चेतना और युवा एकजुटता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रदर्शन के दौरान लोग शांतिपूर्वक एकत्र हुए और अनुशासन के साथ अपनी बात रखी। बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक परिधान और सामाजिक एकता का प्रदर्शन करते हुए संगठित रूप में आवाज़ बुलंद की। इस दौरान राष्ट्र, समाज और संस्कृति की रक्षा जैसे नारों के साथ जनभावनाओं को अभिव्यक्त किया गया।

करणी सेवा के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने ज्ञापन में संबंधित मामले की निष्पक्ष जांच, उचित कार्रवाई एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की मांग की।

प्रदर्शन स्थल पर पुलिस प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिससे पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति और व्यवस्था बनी रही।

### गांधीसागर जल विद्युत गृह, भानपुरा जिला मन्दसौर के लिए सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की भर्ती

नवभारत न्यूज

**मंदसौर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया की मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी, गांधीसागर, तहसील भानपुरा, जिला मंदसौर (म.प्र.) में सुरक्षा हेतु डीजीआर रेट पर सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों (गनमेन) सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता है। सशस्त्र (गनमेन) / सुरक्षा कर्मियों पद के लिए इच्छुक पूर्व सैनिक निम्नलिखित दस्तावेजो (मूल एवं तीन फोटो कॉपी) के साथ यथाशीघ्र जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) में उपस्थित होकर जमा कराये ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके।

सेवा निवृत्ति पुस्तिका, पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा जारी, आधार कार्ड, भूतपूर्व सैनिक का पहचान पत्र, बैंक पासबुक, पेन कार्ड, शस्त्र लाइसेंस, नवीनताम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (तीन), नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (सेवा निवृत्ति उपरांत जिस संस्था में पहले कार्यरत थे), समग्र परिवार आई डी। सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए शस्त्र लाईसेंस धारक पूर्व सैनिक को वरीयता दी जायेगी।

# पशुपालक पशुधन बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठावें

**मंदसौर। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड अभियान के अंतर्गत पशुपालकों को कार्यशील पुंजी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु पशुपालन गतिविधियों से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। पशुपालक पशुधन बीमा योजना का लाभ लेकर अपने पशुधन हानि को रोक सकते हैं।** एक पशुपालक द्वारा अधिकतम 10 पशुओं का बीमा कराया जा सकता है। पशुओं में होने वाली गलघोटू, एक टगीया, खूर पका, मुँह पका आदि बीमारियों की रोकथाम हेतु नजदीकी संस्था से संपर्क कर टीकाकरण का लाभ लें। तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृत्रिम गर्भाधान की सफलता के लिये गांव के समस्त निकृष्ट सांडों का बधियाकरण नजदीकी संस्था में करायें।

भारत शासन एवं राज्य शासन के सहयोग से जिले के पशुपालकों को घर पहुंच उपचार आदि की सेवायें देने हेतु चल पशु चिकित्सा इकाई 1962 कमशः मंदसौर, दलौदा, मल्हारगढ, सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ, गरोठ एवं भानपुरा में संचालित है, पशुपालक 1962 कॉल सेन्टर पर कॉल कर सशुल्क 150 रू प्रति पशु सेवा का लाभ प्राप्त करें।

प्रगतिशील पशुपालक मादा बछिया (फिमेल कॉफ) की प्राप्ति हेतु गाय, भैंस के गर्मी (हीट) आने पर सेक्स सोर्टेड सीमन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान करावें। समस्त पशुपालक विभाग की विभिन्न विभागीय योजनाओं के संबंध में स्थानीय पशु चिकित्सक से संपर्क कर योजनाओं का लाभ उठावे।

# पशुपालक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना का लाभ उठावें

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि सभी वर्ग के किसान पशुपालक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई की स्थापना बैंक ऋण की सुविधा के साथ शासकीय अनुदान से कर सकते है। आवेदक की पात्रता हितग्राही मध्यप्रदेश राज्य का निवासी होना चाहिए।** योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिए है। हितग्राही को ऑनलाईन पोर्टल www.mpdah.gov.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। हितग्राही के पास न्यूनतम 3.50 एकड कृषि भूमि होना आवश्यक है। योजनांतर्गत 25 दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित की जाएगी। एक इकाई में समस्त गौवंश या समस्त भैंसवंश ही होगें। एक इकाई की समस्त गाय/भैंस एक ही प्रजाति की होगी।

> आवेदक को योजना की स्वीकृति हेतु प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुदान राशि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हितग्राहियों के लिए निर्धारित परियोजना लागत का 33 प्रतिशत तथा अन्य श्रेणी के हितग्राहियों के लिए निर्धारित परियोजना लागत का 25 प्रतिशत होगी। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन विभाग मंदसौर से संपर्क करें।


योजना में भारतीय मूल की देशी गाय की नस्लों में साहिवाल, गिर, थारपारकर, रेड सिंधी, संकर नस्लो में एच.एफ.जर्सी, भैंसो में मुर्रा, भदावरी, सूरती, मेहसाना शामिल की जा सकेंगी। लाभार्थी को किसी शासकीय प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय/शासन द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा।

**एक नजर** — ताज़ियों के जुलूस में शामिल हुए अज़ादार, जगह-जगह लगीं सबीलें और लंगर

# मंदसौर में अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम

**मंदसौर। इस्लामी माह मोहर्रम की 8 तारीख को शहर के नई आबादी क्षेत्र में ताज़ियों का जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। इस अवसर पर नई आबादी, संजीत नाका, पल्ली झोपड़ी, नाहर सैयद, नूर कॉलोनी, इंद्रा कॉलोनी और अभिनंदन कॉलोनी के ताज़िए एकत्रित होकर मरकज़ी जुलूस का हिस्सा बने।**

अज़ादारों की भारी भीड़ के साथ निकले इस जुलूस में हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया गया। सादिक शेख ने बताया कि यह महीना सब्र, कुर्बानी और इंसाफ के लिए खड़े होने का पैग़ाम देता है। जुलूस मार्ग में कव्वालियों की सदा गूंजी और सबीलों-लंगरों के माध्यम से तबर्रुक और पानी की सेवा की गई। इस मौके

पर मजलिसों और तकरीरों के जरिए करबला की कुर्बानी का संदेश दिया गया—कि मोहर्रम सिर्फ मज़हबी रस्म नहीं, बल्कि इंसाफ के लिए हर कुर्बानी देने की सीख है।

## नीमच

## एक नजर में

### रोटरी क्लब नीमच कैंट की सेवा को मिले 16 अवार्ड




**नीमच।** मनमोहन मेहता ऑडिटोरियम (संगीत कला अकादमी) इंदौर में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 की 41वीं डिस्ट्रिक अवार्ड सेरेमनी संपन्न हुई। रोटरी क्लब नीमच कैंट को वर्ष 2024-25 में किए गए सेवा प्रकल्पों में जैसे हेल्थ चेकअप कैंप, रोटरी पब्लिक ईमेज, एनवायरमेंट अवेयरनेस पौधारोपण, ब्लड डोनेशन कैंप, एजुकेशन एंड लिटरेसी, पोलियो उन्मूलन, देह दान सहित कम्युनिटी सर्विस, एवं बेस्ट आउटस्टैंडिंग क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया। उक्त सभी अवार्ड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अनीश मलिक एवं मंडल की प्रथम महिला सिम्मी मालिक द्वारा दिए गए साथ ही जोन 6 से बेस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड अध्यक्ष संदेश माहेश्वरी को एवं बेस्ट सेक्रेटरी का अवार्ड आशीष दरक को एवं रीज़न 2 से भी गोल्ड सेक्रेटरी का अवार्ड आशीष दरक को प्राप्त हुआ। रोटरी क्लब नीमच कैंट को पूरे वर्ष हर प्रकल्प पूर्ण करने पर मेजिक मेकर अवार्ड भी प्राप्त हुआ। क्लब के सहायक मंडलाअध्यक्ष आशीष गर्ग को भी आउटस्टैंडिंग असिस्टेंट गवर्नर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### सुखानंद तीर्थ पर सत्यानंद आश्रम का लोकार्पण 10 को, तैयारियां अंतिम चरण में

**नीमच।** स्वामीजी के समस्त भक्त मण्डल, संस्थापक एवं श्री सत्यानंद आश्रम निर्माण समिति, नीमच द्वारा जिले के सुप्रसिद्ध सुखानंद तीर्थ पर सत्यानंद आश्रम का निर्माण किया गया है। इस आश्रम का लोकार्पण समारोह आगामी 9 एवं 10 जुलाई को स्वामी सत्यानंद सरस्वती (पीएचडी दर्शन शास्त्र) वृंदावन वाले के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। इस आयोजन में जिले भर में निवासरत गुरुजी के भक्तगण अच्छी खासी संख्या में सम्मिलित होंगे। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आयोजन के प्रथम दिन 9 जुलाई को दोपहर 3 बजे से सत्संग का आयोजन किया जाएगा, साथ ही स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती के मुखारविन्द से प्रवचन होगे। कार्यक्रम में अगले दिन 10 जुलाई को प्रात: 9 बजे से आश्रम का लोकार्पण समारोह आयोजित होगा। जिसके पश्चात गुरूजी के भक्त एवं समाजसेवी पप्पू हलवाई, ग्वालटोली के सौजन्य से भण्डारा प्रसादी आयोजित होगी। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि स्वामीजी गुरू पूर्णिमा से लेकर पूरे चातुर्मास में यहाँ नवनिर्मित सत्यानंद आश्रम पर विराजित रहेंगे।




### श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव महापुजन

**नीमच।** श्री वैभव सुख धाम नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव मंदिर विकास नगर 14/4 नीमच पर दिनांक 6 जुलाई 2025 रविवार को प्रात: 9 बजे श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव महापुजन का आयोजन किया जा रहा है, अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच के अध्यक्ष पारस कांठेड़ एवं सचिव जितेंद्र सकलेचा ने जानकारी देते हुए बताया कि नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव दादा के दरबार में प्रति माह महापुजन का आयोजन किया जाता है महापुजन के लाभार्थी श्री पंकज डूंगरवाल के जन्म दिवस निमित्त श्री अशोक कुमार जी पंकज कुमार जी डूंगरवाल परिवार है।



# आर्यिका माताजी ससंघ का हुआ नगर में भव्य चातुर्मास मंगल प्रवेश

▶ एक साथ हुआ भव्य माताजी ससघ का पाद प्रक्षालन

नवभारत न्यूज

**सिगोली। नगर के पुण्य उदय से मेवाड़ प्रान्त कि धार्मिक नगरी सिंगोली में आचार्य श्री विद्यासागर सागर जी महाराज आचार्य ज्ञैय सागर जी महाराज व अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका श्री प्रशममति माताजी आर्यिका उपशममति का ससंघ का चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश 5 जुलाई को प्रात: काल 8 बजें बारिश कि रिमझिम बुन्दो के साथ नगर में प्रवेश हुआ।** समाज के अनिल सामरिया (आदिनाथ) ने बताया कि नगर के पुण्य उदय से लगातार तीसरे वर्ष भी नगर में भव्य चातुर्मास होने जा रहा है जिससे समाजजनों में काफी उत्साह का वातावरण है माताजी ससंघ के मंगल प्रवेश के दौरान जगह-जगह प्राद प्रशालन व आरती समाजजनों द्वारा उतारी गई वही बापू बाजार में भव्य 108 थाली में माताजी ससघ का समाजजनों द्वारा पाद प्रशालन किया गया मंगल प्रवेश जुलुस में बैण्ड बाजा के साथ महिलाओं मण्डल डेस्स कोर्ड कि साड़ी पहने हाथ मे केसरिया झण्डा लेकर चर रही व पुरुष वर्ग युवा वर्ग सफेद वस्त्र पहन कर जयघोष लगाते हुए चल रहे थे तो पाठशाला के बच्चे भी हाथ मे झण्डे लेकर चर रहे थे वही माताजी ससघ को नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचे जाहा माताजी ने श्री जी के दर्शन करने के बाद धर्मसभा के पुर्व मंगलाचरण अरनव सेठिया ने किया वही आचार्य श्री के चित्र अनावरण करने का सोभाग्य बाहर से पधारे हुए समाजजनों ने किया वही आर्यिका माताजी ससघ को शास्त्र भेट करने का सोभाग्य युवावर्ग को मिला वही समाजजनों ने माताजी ससघ को चातुर्मास हेतु निवेदन किया उसके बाद माताजी ससघ ने धर्मसभा को संबोधित किया।

> नगर में माताजी ससघ का चातुर्मास 37 साल बाद हो रहा है जिससे समाजजनों में काफी उत्साह है वही आगामी समय मे अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससघ व आर्यिका माताजी ससघ के सानिध्य भव्य पन्चकल्याणक महोत्सव होना है मन्च संचालन निर्मल खटोड़ ने किया वही माताजी के सानिध्य में 6 जुलाई को भव्य शान्ति मण्डल विधान प्रात: काल होगा इस अवसर पर बोराव झांतला धनगाव थडोद बिजोलिया आदी नगरो के समाजजन उपस्थित थे।

**एक नजर** — आचार्य भगवंत, मुनिराज के प्रवचन में उमड़े समाज जन

# श्रद्धा और विश्वास के बिना तपस्या और भक्ति सफल नहीं होती है

नवभारत न्यूज

**नीमच। परमात्मा के उपदेशों को जीवन के आचरण में लायेंगे तो कठिन से कठिन समस्या का निराकरण भी सरलता से हो जाता है जिसके जीवन में तपस्या और भक्ति के प्रति अनुशासन होता है वह जीवन के हर क्षेत्र में सफल होता है।**

श्रद्धा और विश्वास के बिना तपस्या और भक्ति सफल नहीं होती है। परमात्मा के बताएं जीव दया और अहिंसा के मार्ग पर चलने से आत्म बल मजबूत होता है और इसी आत्म बल की शक्ति के सहारे हम आत्मा का कल्याण कर सकते हैं और मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं ।यह बात आचार्य प्रशमेशप्रभु ने कही। वे नीमच सिटी श्री संघ जैन मंदिर मंडल ट्रस्ट नीमच सिटी के तत्वाधान में नीमच सिटी आराधना भवन मेंआयोजित आयोजित अमृत प्रवचन श्रृंखला की धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्नात्र पूजन के प्रति श्रद्धा और विश्वास होता है तभी उसका पुण्य फल मिलता है। मनुष्य जन्म 84 लाख योनि के बाद बड़े पुण्य कर्मों से मिलता है। देवता भी धरती पर अवतार लेने के लिए तरसते हैं। मनुष्य धरती पर जन्म लेने के बाद मनुष्य जन्म का महत्व नहीं समझता है देवलोक से भी ज्यादा पुण्य मानव प्राप्त कर सकता है लेकिन उसके हृदय में भगवान विराजित होने चाहिए और भगवान के उपदेश उसके आचरण में होने चाहिए तभी वह पुण्य फल प्राप्त कर सकता है तपस्या भक्ति में जो आनंद होता है वह संसार में और कहीं नहीं मिलता है। मनुष्य परमात्मा का अभिषेक करता है इसमें जो आनंद मिलता है वह देवलोक में भी नहीं मिलता है। यदि हम प्रभु प्रतिमा को साक्षात भगवान मानकर भक्ति पूर्वक पूजा करते हैं तो हमें पुण्य मिलता है।





# औद्योगिक इकाई परिसर में जनसहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम, 2500 पौधे रोपे

**नीमच। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा नीमच जिले में पौधारोपण महाभियान के तहत जिले के औद्योगिक क्षेत्र नीमच, सांडिया (मनासा), रामपुरा तथा मोरका एवं जिले में विकसित होने वाले राज्य क्लस्टर केसरपुरा, सगराना, दारू, दुधवा, में शुक्रवार को औद्योगिक क्षैत्र नीमच के ग्रीन बेल्ट तथा कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र परिसर में पौधारोपण उद्योग संघ नीमच एवं एमएस सोलवेक्स द्वारा किया गया ।** जिले में स्थापित अन्य औद्योगिक क्षेत्र मनासा, रामपुरा, विकसित राज्य क्लस्टर केसरपुरा, सगराना तथा राज्य क्लस्टर दारू औद्योगिक इकाईयां- अल्ट्राटेक सीमेंट खोर, अडानी विलमार भाटखेड़ा, धानुका ग्रुप नीमच, एमएस सोलवेक्स जमुनियाखुर्द, ग्रीन-को प्रा.लि., टाटा सोलर पावर के परिसरों में उनके प्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण किया गया ।औद्योगिक क्षेत्र मोरका में एमएसएमई विभाग द्वारा लघु उद्योग निगम के माध्यम से पौधारोपण कराया गया ।इस अभियान के तहत कुल 2500 पोधे रोपित किए गये है ।

पौधारोपण महाप्रबंधक श्रीमती योगिता भटनागर, प्रबंधक श्रीमती चंचल अग्रवाल, श्री अनुराग मिश्रा, तथा उद्योग संघ नीमच से श्री अनिश नागौरी, सचिव, उद्योग संघ नीमच, श्री संजय अजमेरा, श्री राकेश एरन, श्री संदीप वधवा, श्री जीत किलेवाला, श्री सचिन गर्ग, श्री सचिन लसोड़ औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जिले के मेहनतकश 9 जुलाई को करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**नीमच।** सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के जिला महासचिव सुनील शर्मा ने बताया कि सीटू और इंटक सहित देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ,सार्वजनिक क्षेत्र के फेडरेशन और कानफेडरेशन, केंद्र व राज्य कर्मचारीयों के संगठनों,संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर आंगनवाड़ी, आशा, समस्त क्षेत्र में काम करने वाले आउटसोर्स, ठेका,संविदा, मध्यान भोजन कर्मी, अस्थाई श्रेणी के मजदूर -कर्मचारी- शिक्षक,नल चालक और भृत्य, दैवेभो, विनीयमित कर्मचारी, औद्योगिक मजदूर, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, वाहन चालक, निर्माण क्षेत्र, छात्र व नौजवान ,बैंक ,बीमा, बीएसएनल सहित समस्त मेहनतकश 9 जुलाई को नीमच में एक दिन की हड़ताल करेंगे। केंद्र व राज्य सरकारों की मजदूर ,कर्मचारी, किसान और गरीब जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ होने वाली इस हड़ताल को को कई क्षेत्र का समर्थन प्राप्त है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा श्रम कानून समाप्त करना, अस्थाई और कच्ची नौकरी वालों का नियमितीकरण, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए, लगातार बढ़ती महंगाई 18 सूत्री मांगों को लेकर यह हड़ताल की जा रही है।